an>

Title: Need to make Lucknow-Kanpur National Highway No. 25, toll-free.

डॉ. स्वामी साक्षीजी महाराज (उन्नाव) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से निवेदन करना चाहता हूं कि मेरे लोक सभा क्षेत्र उन्नाव से लखनऊ, कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग-25 निकलता है। चूंकि जनपद उन्नाव उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से बिलकुल सटा हुआ है इसलिए दोनों जनपदवासियों का ज्यादातर आवागमन, क्रियाकलाप आपस में होता रहता है चाहे वह चिकित्सा का, शिक्षा का या व्यवसाय का कुछ भी कार्य हो। राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-25 पर मेरे क्षेत्र में नवाबगंज के पास टोल प्लाजा है। इसकी वजह से दोनों जनपदवासियों को प्रतिदिन मानसिक और आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

महोदया, इसके अलावा जनपद उन्नाव पर्यटन की दृष्टि से भी काफी महत्वपूर्ण है। पूरे देश से और विदेशों से लोग यहां घूमने के लिए आते हैं। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से और सरकार से आग्रह करना चाहता हूं कि दोनों जनपदों की गाड़ियां यूपी-35 और यूपी-32 को टोल मुक्त कर दिया जाए जिससे दोनों जनपदवासियों को रोजमर्रा की जरूरत के लिए आने-जाने में असुविधा का सामना न करना पड़े। ऐसा करने से टोल प्लाजा पर अनावश्यक यातायात का दबाव भी कम हो जाएगा।

माननीय अध्यक्ष: श्री भैरों प्रसाद मिश्र, कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल और श्री सी.पी. जोशी को डॉ. स्वामी साक्षीजी महाराज द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।